समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# WTC Final 2025: एडेन मारक्रम ने ठोका शतक, चोकर्स से चैंपियन बनने की कगार पर साउथ अफ्रीका।

Publisher
Published on 14 Jun 2025




## एडेन मारक्रम की शतकीय पारी और कप्तान बावुमा के अर्धशतक से साउथ अफ्रीका को WTC फाइनल 2025 मे ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़त, ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए सिर्फ 69 रन बाकी।

**लंदन : एडेन मारक्रम** की शानदार शतकीय पारी ने **साउथ अफ्रीका** को **वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 फाइनल** में ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बेहद करीब ला दिया है। तीसरे दिन के खेल की समाप्ति तक साउथ अफ्रीका को जीत के लिए अब सिर्फ **69 रनों** की जरूरत है और उसके 8 विकेट शेष हैं।

अगर **साउथ अफ्रीका** यह मुकाबला जीत लेता है, तो न सिर्फ उसे पहली बार **वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन** बनने का गौरव मिलेगा, बल्कि उस पर लगे '**चोकर्स**' टैग से भी छुटकारा मिल जाएगा।

**मारक्रम की यादगार शतकीय वापसी**
पहली पारी में असफल रहने के बाद, **मारक्रम** ने दूसरी पारी में **नाबाद 102 रन (156 गेदों मे)** की ज़िम्मेदार पारी खेली। उन्होंने 11 चौकों की मदद से टीम को सशक्त स्थिति में पहुंचाया। शुरुआत धीमी थी, लेकिन जैसे-जैसे पारी आगे बढ़ी, उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव बनाना शुरू किया।

**कप्तान बावुमा का दमदार साथ**

मारक्रम के साथ कप्तान **टेम्बा बावुमा** भी शानदार **अर्धशतक** लगाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। तीसरे दिन के अंत तक दोनों ने टीम का स्कोर **213/2** तक पहुंचा दिया। बावुमा **65 रन** बनाकर नाबाद हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई गेदंबाज़ों की धार गायब

ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ **पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क** और **जॉश हेजलवुड** अब तक कोई खास प्रभाव नहीं डाल सके हैं। साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों ने न सिर्फ उन्हें संयम से खेला बल्कि जरूरी मौकों पर रन भी बटोरे।

### क्या हटेगा 'चोकर्स' का टैग?

साउथ अफ्रीका को **ICC टूर्नामेंट्स** में हार के चलते '**चोकर्स**' कहा जाता है। **2024 T20 वर्ल्ड कप फाइनल** में भारत से हारने के बाद यह टैग और गहरा हो गया था। लेकिन अब अगर टीम यह फाइनल जीत जाती है, तो यह सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं बल्कि मानसिक बंधनों से आज़ादी होगी।

### निर्णायक होगा चौथा दिन

अब साउथ अफ्रीका के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका है। अगर टीम चौथे दिन यह मुकाबला जीत लेती है, तो यह अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक नई शुरुआत होगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.